Roll No. ........................

Total No. of Questions : 28

Total No. of Printed Pages : 8

# R-201

High School, Examination - 2017

## हिन्दी विशिष्ट

## HINDI (Special)

Time 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

---

निर्देश :

(i) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए ।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिये एक–एक (1×5×5=25) अंक निर्धारित है ।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए ।

(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित है । शब्द सीमा 30 से 75 शब्द है ।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक के लिए चार–चार अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा 75 से 120 शब्द है ।

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पाँच–पाँच अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा 120 से 150 शब्द है ।

(vii) प्रश्न क्र. 28 के लिए (7+3) दस अंक निर्धारित हैं । "अ" के लिए 7 अंक तथा "ब" के लिए 3 अंक । "अ" के लिए शब्द सीमा 200 से 250 शब्द है ।

(viii) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।



https://www.evidyarthi.in/

1 निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1×5=5

(i) सूर के पदों की भाषा है :

(अ) अवधी (ब) ब्रज

(स) हिन्दी (द) बुन्देलखण्डी ।

(ii) कवि ने बादलों को कहाँ घिरते देखा है ?

(अ) अमल धवल गिरि पर (ब) तालाब में

(स) चट्टानों में (द) बागों में ।

(iii) आधुनिक मीरा के नाम से प्रसिद्ध है :

(अ) ऊषा प्रियंवदा (ब) सुभद्रा कुमारी चौहान

(स) महादेवी वर्मा (द) रजनी पनिकर ।

(iv) सब कुछ जानने वाले को क्या कहा जाता है ?

(अ) जानकार (ब) ज्ञानी

(स) बहुज्ञानी (द) सर्वज्ञ ।

(v) "बैल की बिक्री" कहानी का केन्द्रीय चरित्र है :

(अ) मोहन (ब) शिबू

(स) साहूकार (द) मुनीम ।

2 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए : 1×5=5

(i) गिरधर द्वारा प्रयुक्त छंद ________ हैं । (दोहा / कुंडलियाँ)

(ii) पद्माकर ________ के प्रमुख कवियों में से एक हैं । (रीतिकाल / भक्तिकाल)

(iii) जिसके प्रति स्थायी भाव उत्पन्न हो, वह ________ कहलाता है । (आलम्बन / उद्दीपन)

(iv) पहली चूक ________ विधा की रचना है । (कहानी / व्यंग्य निबंध)

(v) "रिपोर्ताज" मूल रूप से ________ भाषा का शब्द है । (फ्रेंच / अंग्रेजी)



https://www.evidyarthi.in/

3 निम्नलिखित वाक्यों के लिये सत्य/असत्य लिखिए : 1×5=5

(i) रामचरित मानस का प्रमुख छंद चौपाई है ।

(ii) "लोकायतन" के रचयिता सूरदास हैं ।

(iii) 'करूण रस' का स्थायी भाव 'शोक' है ।

(iv) मनोहर शब्द में व्यंजन संधि है ।

(v) स्वामी रामतीर्थ एक बार जापान गए थे ।

4 निम्नलिखित वाक्यांशों का मिलान कर सही जोड़ी बनाइये : 1×5=5

| | |
|---|---|
| (i) जिसके नीचे रेखा खींची गई हो | (क) महाकाव्य |
| (ii) पंचवटी | (ख) तत्पुरुष समास |
| (iii) पुरूषोतम को सभी जानते थे । | (ग) रेखांकित |
| (iv) देशभक्ति | (घ) द्रोणाचार्य |
| (v) श्री कृष्ण के गुरु | (ङ) सत्यवादिता के लिए |
| | (च) खण्डकाव्य |
| | (छ) सांदीपनि |

5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या एक शब्द में लिखिए : 1×5=5

(i) निन्दा रस के लेखक कौन हैं ?

(ii) ललित कलाओं का स्वभाव कैसा होता है ?

(iii) बिना विचारे कार्य करने से क्या होता है ?

(iv) आश्रय के चित्त में उत्पन्न होने वाले अस्थिर मनोविकारों को क्या कहते हैं?

(v) सच्चरित्र का संधि विच्छेद कर संधि का नाम बताइये ।

6 श्री कृष्ण के ललाट पर टीका की समानता किससे की गई है ? 2

अथवा

कुब्जा कौन थी ? उसका उद्धार किसने किया ?



https://www.evidyarthi.in/

7 कवि अज्ञेय के अनुसार काँटे की मर्यादा क्या है ? 2

**अथवा**

ईश्वर ने रोगों को दूर करने के लिए मनुष्य को क्या दिया है ?

8 'उद्‌बोधन' कविता में भ्रामरी किसका अभिनंदन करती है ? 2

**अथवा**

दयामयी माता के तुल्य किसे माना गया है ?

9 व्यक्ति सम्मान के योग्य कब बन जाता है ? 2

**अथवा**

प्रत्येक सफल राहगीर क्या लेकर आगे बढ़ा है ?

10 आसमान में किस तरह के बादल उड़ रहे थे ? 2

**अथवा**

मनु को हर्ष मिश्रित झटका सा क्यों लगा ?

11 राजा दीवान सुजान सिंह का आदर क्यों करते थे ? 2

**अथवा**

लोक संस्कृति का जन्म कहाँ हुआ ?

12 "बैल की बिक्री" कहानी के अनुसार मोहन शिबू के विषय में क्यों चिंतित था ?

**अथवा**

गीता शास्त्र के महान् उपदेशक कौन हैं ?

13 देश के सामूहिक मानसिक बल का ह्रास कैसे हो रहा है ?

**अथवा**

"मातृभूमि का मान" एकांकी के आधार पर वीरसिंह के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।



https://www.evidyarthi.in/

14 स्वर्ग की नींव का पता किस प्रकार लग सकता है ? 2

अथवा

दीपक से मानव जीवन की तुलना किस रूप में की गई है ?

15 निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए : (कोई दो) 2

(i) जो ईश्वर पर विश्वास करता है ।

(ii) वह बच्चा जिसके माता–पिता न हों ।

(iii) जिसके समान दूसरा न हो ।

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : (कोई दो)

(i) श्री गणेश करना ।

(ii) दिन–रात एक करना ।

(iii) गागर में सागर ।

16 हास्य रस की परिभाषा लिखिए । 2

अथवा

गीतिका छंद की परिभाषा लिखिए ।

17 धर्मवीर भारती के अनुसार "अधबनी धरा" पर अभी क्या क्या बनना शेष है ? 3

अथवा

स्वामी विवेकानंद से निवेदिता की मुलाकात कब, कहाँ और कैसे हुई ?

18 अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये । 3

अथवा

महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई तीन अंतर लिखिये ।



https://www.evidyarthi.in/

19 निम्नलिखित शब्दों के समास विग्रह करते हुए समास के नाम बताइये : 3

(i) प्रत्येक

(ii) नवग्रह

(iii) महाराजा

अथवा

निम्नलिखित शब्दों की संधि विच्छेद करते हुए संधि का नाम लिखिए :

(i) मनोभाव

(ii) अत्याधुनिक

(iii) जगन्नाथ

20 आधुनिक काल की कोई दो विशेषताएँ लिखते हुए बताइए कि इसे गद्य काल क्यों कहा जाता है ? 4

अथवा

छायावाद की प्रमुख दो विशेषताएँ लिखते हुए इस काल के चार कवियों के नाम उनकी रचनाओं सहित लिखिए ।

21 कहानी एवं उपन्यास में कोई चार अंतर लिखिए । 4

अथवा

नाटक एवं एकांकी में कोई चार अंतर लिखिए ।

22 सूरदास अथवा राम नरेश त्रिपाठी की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए : 1+2+1=4

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष – कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान ।

23 हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा प्रेमचंद का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए : 1+2+1=4

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान ।



https://www.evidyarthi.in/

24 निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ प्रसंग सहित कीजिए : 4

"भर रही कोकिला इधर तान,
मारू बाजे पर उधर गान,
हैं रंग और रण का विधान,
मिलने आए हैं आदि–अंत
वीरों का कैसा हो वसंत ?

**अथवा**

मानव जिस ओर गया
नगर बसे, तीर्थ बने
तुमसे है कौन बड़ा
गगन सिंधु मित्र बने
भूमा का भोगो सुख, नदियों का सोम पियो
त्यागो सब जीर्ण बसन, नूतन के संग–संग चलते चलो"

25 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 4

"बदलते हुए समय में लोक संस्कृति के बदलते हुए रूप से इन्कार नहीं किया जा सकता । लोक साहित्य में युग के अनुकूल अपने को ढालने की और नया युग का मार्गदर्शन करने की अपूर्ण क्षमता होती है । चुनौती के सामने सिर झुकाना लोक का स्वभाव नहीं है । लोक की गंगा तो युग–युग से प्रवाहमान रही है ।"

**अथवा**

"हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और सबसे ज्यादा जरूरत है । एक शक्तिबोध और दूसरा सौन्दर्य बोध । बस, हम यह समझ लें कि हमारा कोई भी काम ऐसा हो जो देश में कमजोरी की भावना को बल दे या कुरुचि की भावना को ही ।"



https://www.evidyarthi.in/

26 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

"आदर्श व्यक्ति कर्मशीलता में ही अपने जीवन की सफलता समझता है । जीवन का प्रत्येक क्षण वह कर्म में लगाता है । विश्राम और विनोद के लिए उसके पास निश्चित समय रहता है । शेष समय जन सेवा में व्यतीत होता है । हाथ पर हाथ धर कर बैठने को वह मृत्यु के समान समझता है । काम करने की उसमें लगन होती है । उत्साह होता है । विपत्तियों में भी वह अपने चरित्र का सच्चा परिचय देता है । धैर्य की कुदाली से वह बड़े–बड़े संकट पर्वतों को ढहा देता है । उसकी कार्यकुशलता देखकर लोग दाँतों तले ऊँगली दबाते हैं । संतोष उसका धन है । वह परिस्थितियों का दास नहीं है । परिस्थितियाँ उसकी दासी हैं ।"

**प्रश्न :**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

(ii) उपर्युक्त गद्यांश में वर्णित व्यक्ति के गुणों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

27 अपने शहर के नगरपालिका अधिकारी को आवेदन पत्र लिखते हुए वार्ड में व्याप्त गंदगी को दूर करने का निवेदन कीजिए । 5

**अथवा**

अपने बड़े भाई को पत्र लिखिए और उन्हें बताइए कि गर्मी की छुट्टियाँ किस प्रकार व्यतीत करना चाहते हैं ?

28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सटीक रूपरेखा बनाकर लगभग 200-250 शब्दों में निबंध लिखिये : 7

(i) विज्ञान और प्रौद्योगिकी

(ii) आतंकवाद

(iii) पर्यावरण प्रदूषण

(iv) जीवन में खेलों का महत्व

(v) इन्टरनेट आधुनिक जीवन की आवश्यकता ।

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिये : 3

(i) बेटी बचाओ

(ii) राष्ट्रीय एकता

(iii) वन संरक्षण

(iv) पुस्तकालय का महत्व ।



https://www.evidyarthi.in/